दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### धरमजयगढ़ तक पैसेंजर ट्रेन शुरू करने रायगढ़ सांसद ने दपूमरे महाप्रबंधक को लिखा पत्र

**रायपुर (आरएनएस)।** रायगढ़ की सांसद गोमती साय ने दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर धरमजयगढ़ कॉरीडोर परियोजना में पैसेंजर ट्रेन चलाने की मांग की है। महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर को लिखे पत्र में सांसद ने लिखा है कि रायगढ़ जिला अंतर्गत धरमजयगढ़ कॉरीडोर परियोजना भूपदेवपुर-धरमजयगढ़ परियोजना पूर्ण हो चुकी है। इसमें मालगाड़ी (कोयला परिवहन) माह नवंबर 2019 से प्रारंभ हो गया है। जबकि इस कारीडोर परियोजना में पैसेंजर ट्रेन चलाने का प्रावधान है, परंतु आज तक पैसेंजर ट्रेन चालू नहीं हुआ है। पैसेंजर ट्रेन परिचालन हेतु सभी निर्माण (टिकट काउंटर, स्टेशन, प्लेटफार्म) कार्य पूर्ण हो चुके हैं। धरमजयगढ़ को राजधानी रायपुर मुख्यालय से जोड़ने पर सुदूर अंचल के लोगों को राज धानी से जुड़ने में आसानी होगी। अतः जल्द से जल्द धरमजयगढ़ कारीडोर में पैसेंजर ट्रेन प्रारंभ करने की कार्यवाही शुरू की जाए।

### फैंसी समान खरीदने गई महिला के साथ लूट

» सस्ता समान दिलाने के बहाने परिचित ने किया जानलेवा हमला

**रायपुर (आरएनएस)।** दुकान के लिए फैंसी समान खरीदने गई महिला को सस्ता समान दिलाने का झांसा देकर परिचित ने सुनसान जगह पर ले जाकर हत्या करने की नियत से गला दबाया बेहोश होने के बाद 5 हजार रूपये लूटकर फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट मंदिर हसौद थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गोल नगरी बलांगीर उड़िसा निवासी श्रीमती गौरी ठाकुर 27 वर्ष पति योगेश सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि प्रार्थिया गुरूवार को ग्राम छतौना से ग्राम दरभा में दुकान के लिए फैं सी समान खरीदने गई युवती इसी दौरान परिचित कैलाश पांडेण्य 39 वर्ष निवासी टाटीबंध आमानाका ने सस्ता समान दिलाने का झांसा देकर सुनसान स्थान पर ले गया व हत्या करने की नियत से गला दबा दिया जिसके चलते वह बेहोश हो गई। बेहोश हो जाने पर आरोपी ने उसके चेहरे पर कई वार का 5 हजार रूपये नगदी लूटकर फरार हो गया। आसपास की लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सवारी बस को तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर,मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** सवारी उतारने सड़क किनारे खड़ी बस को तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से ठोकर मार दिया जिसके चलते बस का पिछे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया व बस में बैठे सवारी घायल हो गये। घटना की रिपोर्ट खरोरा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नायकसार खरोरा निवासी दुर्गा प्रसाद 39 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी बस कंडेक्टर है 24 फरवरी को मंडी रोड के पास ग्राम बाना खरोरा में तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमबी 4477 का चालक ने सड़क किनारे खड़ी बस को पीछे से टक्कर मार दिया इस वजह से बस 30 से 40 फीट आगे बढ़ गया व प्रार्थी के सिर में चोट लगने से उसे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती करना पड़ा वही बस में बैठे सवारी राधेश्याम यादव, टिकेश्वर निषाद, जेठू वर्मा, रजिया यादव, भुनेश्वर उर्फ डुमेश्वर धीवर, केजाबाई धीवर को भी एक्सीडेंट में चोटे आयी है। ईलाज कराने के बाद घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई है।

### राजधानी में जल संरक्षण एवं संवर्धन में बीते तीन वर्ष में 4835.64 लाख रूपये की राशि हुई खर्च-चौबे

**रायपुर (आरएनएस)।** कृषि व जलसंसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे ने विधानसभा में कांग्रेस विधायक विकास उपाध्याय के लिखित प्रश्नों के लिखित जवाब में जानकारी दी है कि नगर निगम रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते तीन वर्ष में रायपुर शहर के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन में कुल 4835.64 लाख रूपये की राशि खर्च हुई है। कृषि मंत्री ने विकास उपाध्याय के अन्य एक प्रश्न के जवाब में यह भी जानकारी दी है कि वर्ष 2019 में रायपुर शहर में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान प्रारंभ नहीं की गयी है। वर्तमान में शहर में नवीन राशनकार्ड हेतु 1914 आवेदन पत्र प्रक्रियाधीन है।

### मुख्यमंत्री से जापान के कान्सुल जनरल मिचियो हरादा ने की मुलाकात

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके विधानसभा परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में जापान के मुम्बई स्थित कान्सुल जनरल मिचियो हरादा ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्य सचिव आर.पी. मण्डल और अपर मुख्य सचिव वित्त अमिताभ जैन भी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मंत्री ने किया हमर लैब, डे-केयर कीमोथेरेपी एवं सी.सी.यू. का लोकार्पण

» हमर लैब में 90 तरह की जांच की सुविधा, जिला अस्पताल में

» हृदय रोगों और कैंसर के इलाज के लिए नई सुविधाएं

» सभी जिला अस्पतालों में शुरू होगी कीमोथेरेपी, 7 जिलों में सी.सी.यू.

» गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण - श्री टी.एस. सिंहदेव




**रायपुर।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने आज पंडरी स्थित रायपुर जिला अस्पताल में अत्याधुनिक हमर लैब, कैंसर मरीजों के लिए डे-केयर कीमोथेरेपी सेवा और कार्डियक केयर यूनिट (सी.सी.यू.) का लोकार्पण किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ तीनों जगहों का भ्रमण कर यहां मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने सी.सी.यू. में भर्ती मरीज से मिलकर उनकी सेहत की भी जानकारी ली।

रायपुर जिला अस्पताल में स्थापित अत्याधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त लैब में 90 तरह की जांच की सुविधा है। हृदय की तकलीफों की आकस्मिक और गहन चिकित्सा के लिए छह बिस्तरों का इंटेसिव कार्डियक केयर यूनिट तथा डे-केयर कीमोथेरेपी के लिए छह बिस्तरों का दीर्घायु वार्ड भी जिला चिकित्सालय में आज से शुरू हो गया है। लोकार्पण कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा, विधायकगण सर्वश्री कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय, श्रीमती अनिता शर्मा और रायपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती डोमेश्वरी वर्मा भी मौजूद थीं। लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने कहा कि यूनिवर्सल हेल्थ केयर के तहत लोगों को निःशुल्क या कम से कम खर्च पर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए सरकारी अस्पतालों का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। वहां नई सुविधाएं शुरू करने के साथ ही बेहतर इलाज व देखभाल के लिए संसाधन बढ़ाए जा रहे हैं। रायपुर में आज शुरू हुए हमर लैब से लोगों को एक ही जगह नाममात्र के शुल्क पर अनेक तरह के परीक्षण की सुविधा मिलेगी। अभी यहां 90 तरह की जांच की सुविधा है। कुछ और मशीनों के आने के बाद इस लैब से 120 तरह के जांच की सुविधा मिलने लगेगी। श्री सिंहदेव ने कहा कि इस आधुनिक लैब में हुए परीक्षण की रिपोर्ट मरीजों को सीधे उनके मोबाइल पर मिल जाएगी। रिपोर्ट की हॉर्डकॉपी उन्हें संबंधित अस्पताल से मिलेगी।

» पुलिस ने कहा, नो पार्किंग में खड़ी थी गाड़ियां

## रायपुर पुलिस ने केन्द्रीय आयकर टीम की कई वाहनों को किया जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** केन्द्रीय आयकर विभाग द्वारा कल की गई छापेमार कार्यवाही के बाद राजधानी पुलिस ने आयकर विभाग द्वारा उपयोग में लाई गई दर्जनों गाड़ियों को नो पार्किंग में खड़े रहने का हवाला देकर जब्त कर लिया है।

सूत्रों ने ब ताया कि राजधानी पुलिस ने आयकर विभाग द्वारा उपयोग में लाई गई करीब 30 गाड़ियों को नो पार्किंग में खड़े होने का कारण बताते हुए जब्त किया गया है। पुलिस द्वारा यह कार्यवाही किए जाने के बाद सवाल उठता है कि आखिर इतनी अधिक गाड़ियां नो पार्किंग में कैसे खड़ी हो गई। इधर इस कार्यवाही के बाद यह भी स्पष्ट हो गया है कि अब राज्य की कांग्रेस सरकार और केन्द्र की भाजपा सरकार में सीधे टकराव हो रहा है। जिस तरह से कल केन्द्रीय आयकर विभाग की टीम ने



ताबड़तोड़ छापामार कार्यवाही की है और इसमें लोकल पुलिस को शामिल नहीं किया, इससे स्पष्ट है कि यह कार्यवाही पहले से ही तय कर ली गई थी। स्थानीय पुलिस की इस कार्यवाही को नाराजगी की वजह से भी जोड़कर देखा जा रहा है। ज्ञात हो कि कल केन्द्रीय आयकर विभाग की टीम ने राजधानी के कई रसूखदारों के निवास, कार्यालयों में एक साथ छापामार कार्यवाही की थी, लेकिन इसकी भनक तक पुलिस को नहीं लगी। कार्यवाही शुरू होने के बाद लोकल पुलिस को आईटी के छापा की जानकारी मिली और इसके बाद से ही तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई थी।

## धान खरीदी सहित अनेक मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने दिया धरना



**रायपुर (आरएनएस)।** धान विक्रय का टोकन प्राप्त कर चुके किसानों के पूरे धान को खरीदने की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा 25 सौ रुपये चिंटल के समर्थन मूल्य में की गई है। अनेक धान केंद्रों में अंतिम दिनों में जिस तरीके से धान खरीदी बंद की गई वह आपत्तिजनक है। टोकनकर्ताओं के धान खरीदी एवं विभिन्न मुद्दों को लेकर 13 सूत्रीय मांगों के समर्थन में छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा ने बूढ़ापारा धरनास्थल में एक दिवसीय धरना दिया। धरने के बाद संयुक्त किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मोर्चा के प्रांतीय प्रवक्ता जागेश्वर प्रसाद ने बताया कि समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा देने हाथियों के आतंक से सिरपुर तुमगांव क्षेत्र के पीड़ित किसानों को मुआवजा देने नौकरी स्थायी सुरक्षा दिलाने, सूतियापाठ-शोरधा बांध से लोहारा विकास खंड के किसानों को खेती के लिए पानी उपलब्ध कराने सौंदा पत्रक रद्द कराने धान गेहूं दलहन, तिलहन एवं सब्जियों के समर्थन मूल्य घोषित करने एवं ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसल का उचित मुआवजा किसानों को देने की मांग पत्र में प्रमुख रूप से उठाई गई है।

## कमरे में रखा 4 नग गैस सिलेण्डर व एक नग मोबाइल फोन चोरी

**रायपुर (आरएनएस)।** कबीरनगर एवं तेलीबांधा क्षेत्र में 4 नग गैस सिलेण्डर सहित एक नग मोबाईल फोन घर के बरामदे से चोरी किये जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार एचडी 34 फेस-1कबीरनगर निवासी उत्तम जयसवाल 33 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 26 फरवरी को प्रार्थी के घर के बरामदा में रखे 1 नग इण्डेन कंपनी का गैस सिलेण्डर कीमत 3 हजार रुपये को किसी ने चोरी कर लिया। इसी तरह सतनामीपारा तेलीबांधा निवासी दुलीचंद कुर्रे 21 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 26 से 27 फरवरी के मध्य प्रार्थी के घर में लगे चैनलगेट खोलकर कोई चोर कमरे में प्रवेश कर 3 नग इण्डेन कंपनी का गैस सिलेण्डर व एक नग एमआई कंपनी का मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

## सीएम ने केन्द्रीय खाद्य मंत्री पासवान को लिखा पत्र

» केन्द्रीय पूल में चावल उपार्जन की मात्रा 24 लाख टन से बढ़ाकर 31 लाख टन करने का अनुरोध

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मंत्री रामविलास पासवान को पत्र लिख कर इस वर्ष केन्द्रीय पूल में चावल उपार्जन की मात्रा 24 लाख टन से बढ़ाकर 31 लाख टन करने का अनुरोध किया है।

केन्द्रीय मंत्री पासवान को लिखे पत्र में सीएम ने लिखा कि राज्य शासन एवं भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के एमओयू में राज्य में समस्त सरप्लस चावल भारतीय खाद्य निगम द्वारा उपार्जन किए जाने का प्रावधान है। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि प्रदेश में खरीफ विपणन वर्ष (केएमएस) 2019-20 में 18.20 लाख किसानों से समर्थन मूल्य पर कुल 82.80 लाख टन धान का उपार्जन किया गया है। प्रदेश में धान उपार्जन एवं कस्टम मिलिंग चावल जमा करने का कार्य राज्य शासन एवं भारत सरकार खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के मध्य हुए एमओयू के अनुसार किया जाता है। राज्य में गत वर्ष किसानों का ऋण माफी किए जाने से खरीफ वर्ष 2019-20 में धान खरीदी हेतु पंजीकृत किसानों की संख्या में वृद्धि । लगभग 4 लाख कालातीत किसानों का ऋण माफ होने के कारण उनमें से अधिकतर के द्वारा इस वर्ष धान खरीदी के लिए पंजीयन कराया गया है, जिससे धान खरीदी



की मात्रा गतवर्ष 80.38 लाख टन से बढ़कर 82.80 लाख टन हो गई है। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि खाद्य एवं नागरिक सार्वजनिक वितरण विभाग भारत सरकार के पत्र क्रमांक 3(17)/2019-ईआईवी1 19 दिसम्बर 2019 में केएमएस 2019-20 में भारतीय खाद्य निगम में केन्द्रीय पूल अंतर्गत 24 लाख टन उसना चावल उपार्जन की अनुमति प्रदान की गई है। प्रदेश में केएमएस 2019-20 में कुल खरीदी 82.80 लाख टन धान से निर्मित होने वाले चावल 55.86 में से राज्य के द्वारा पीडीएस की आवश्यकता हेतु 25.40 टीएमटी चावल उपार्जन किया जावेगा।

## लंदन की शोध छात्रा ने 'गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़' को सराहा

**रायपुर।** प्रदेश के शहरों में संचालित ई-साक्षरता केन्द्रों के माध्यमों से दिए जा रहे डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण से ब्रूनेट यूनिवर्सिटी लंदन से अनुसंधान करने आई शोधार्थी पेगी फायार काफी प्रभावित हुई हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के ग्रामीण इलाकों में प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में अपने काम के अनुभव के बारे में बताते हुए इसे एक नवाचारी कार्यक्रम बताया है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री उमेश कुमार उपाध्याय ने गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों से कहा कि जिस काम को करने से स्वयं को खुशी मिले वही जीवन के सफलता की कुंजी है। उन्होंने



खुद की खुशी, सफलता की कुंजी- उमेश उपाध्याय

बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के द्वारा प्रदेश के सभी लोगों को कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि इसके लिए टोल फ्री नंबर 15100 से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस टोल फ्री नंबर पर कही से भी फोन करके कानूनी सहायता प्राप्त की जा सकती है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ में यह सेवा की शुरुआत की जा रही है। श्री उपाध्याय ने कहा कि आज के समय में मोबाइल एक ऐसा माध्यम है जो हमारे जीवन को सुलभ सहज तो बनाता है, लेकिन इसी मोबाइल के समुचित उपयोग नही होने पर या सदुपयोग करने के प्रति जागरूक नही होने के कारण सामाजिक, पारिवारिक और व्यक्तिगत बहुत नुकसान देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि सफल जीवन के लिए अपने कृतित्व में निखार लाएं ताकि आपका व्यक्तित्व निखर कर आए।

गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री प्रशांत कुमार पाण्डेय ने व्यक्तित्व विकास के पहलुओं से परिचय कराते हुए जीवन के समग्र विकास की जानकारी दी।

## पत्थर कटिंग मशीन बेचने का सौदा कर 10 लाख की धोखाधड़ी,420 का मामला दर्ज




**रायपुर (आरएनएस)।** पत्थर कटिंग करने का मशीन बेचने का सौदा कर खाते में 10 लाख रुपये लेकर मशीन नही दिया। घटना की रिपोर्ट मोवा थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आर्टरमोरर 204 डाल्फीन प्रा.वीआईपी एरेस्ट पण्डरी निवासी अंसुल जिंदल 30 वर्ष पिता निरंजनलाल जिंदल ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 5 अप्रैल 2018 में चंद्रप्रकाश शर्मा निवासी डायरेटर रोशामा इंजिनियरिंग प्रा.लि.एस.पी भामा साह इण्डस्ट्रीयल एरिया उदयपुर राजस्थान ने प्रार्थी को पत्थर कटिंग करने का मशीन बेचने के लिये आफिस में आकर मोनो ब्लेड मशीन पेनल सहित उच्च गुणवत्ता का बताया व मशीन का सौदा 12 लाख 98 हजार रुपये में करने के बाद एडवांस के तौर पर 10 लाख रुपये अपने खाते में जमा करा लिया व मशीन भेजने के नाम पर बहानाबाजी कर घुमाने लगा।

## नारायणपुर स्कूल के आरोपी शिक्षक सहित कुल 6 निलंबित

**बीईओ कुनकुरी को पद से हटाया गया, बीआरसी बर्खास्त**




**जशपुरनगर।** जिले के कुनकुरी ब्लॉक स्थित नारायणपुर पूर्व माध्यमिक कन्या शाला की घटना को लेकर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी शिक्षक राशिद अनवर खान सहित शाला के प्रधानपाठक, संकुल स्त्रोत समन्वयक, दो शिक्षकों एवं भृत्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कलेक्टर ने कुनकुरी के विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री पी.के.भट्नागर को उनके दायित्व से मुक्त करने के साथ ही बीआरसी विपिन कुमार अम्बष्ट को पदमुक्त किए जाने का आदेश जारी किया है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि कन्या पूर्व माध्यमिक शाला नारायणपुर में पदस्थ शिक्षक रासिद अनवर खान द्वारा शाला की एक छात्रा से अनाचार का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में आरोपी शिक्षक के साथ-साथ प्रशासन ने शाला के प्रधानपाठक श्री शिवनाथ साय, शिक्षक मुकेश टोप्पों एव कैलाश भगत, भृत्य श्री निशान्त पैंकरा तथा संकुल स्त्रोत समन्वयक श्री राघवेन्द्र चौहान को निलंबित किए जाने की कार्रवाई की है। संकुल स्त्रोत समन्वयक सहित प्रधानपाठक, शिक्षकों एवं भृत्य के निलंबन की कार्रवाई, शाला में घटित घटना के शाला में उच्च अधिकारियों को लिखित या मौखिक रूप से सूचित न करने तथा अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के कारण की। कलेक्टर ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी.के. भटनागर को दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के कारण उनकों उनके दायित्वों से हटाते हुए प्रचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गम्हरिया के प्राचार्य आर.के. पाठक को कुनकुरी बीईओ का प्रभार अस्थाई रूप से सौंपे जाने का आदेश जारी किया।

## रायपुर मेडिकल कॉलेज में तकनीशियन के 8 पदों पर नियुक्ति आदेश जारी



**रायपुर (आरएनएस)।** पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के रेडियोथेरेपी विभाग में आठ तकनीशियनों की नियुक्ति का आदेश जारी किया गया है। इनमें चार लीनियर एक्सीलरेटर टेक्नोलॉजिस्ट तथा एक-एक कोबाल्ट थेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट, ब्रेकीथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट, सीटी सिमुलेटर टेक्नोलॉजिस्ट और मोल्ड रूम टेक्नोलॉजिस्ट शामिल हैं। रायपुर मेडिकल कॉलेज द्वारा जारी आदेश के अनुसार लीनियर एक्सीलरेटर टेक्नोलॉजिस्ट के पद पर तोषण लाल कन्नौजे, श्रीमती पूनम चन्द्राकर, अजय चन्द्राकर और सुनील कुजूर का चयन किया गया है।

चयनितों में कोबाल्ट थेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट के पद पर भवनेन्द्र कुमार पांडेय, ब्रेकीथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट के पद पर श्रीमती यामिनी पाल, सीटी सिमुलेटर टेक्नोलॉजिस्ट के पद पर रिंकु राव और मोल्ड रूम टेक्नोलॉजिस्ट के पद पर नरेश कुमार खरसन शामिल हैं। सभी चयनित उम्मीदवारों को आदेश जारी होने के 15 दिनों के भीतर महाविद्यालय में पदभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। चयनितों को पदभार ग्रहण करने के 15 दिनों के भीतर जिला मेडिकल बोर्ड से स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र और निवास स्थान से संबंधित थाना से चरित्र सत्यापन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सभी प्रमाण-पत्रों के सत्यापन के बाद ही पदस्थापना स्थल पर उपस्थिति मान्य होगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU